दिनांकः 04.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रदेश में कई स्थानों पर आज भी धुलण्डी का उल्लास छाया हुआ हैं घरों और गली–मोहल्लों में एक–दूसरे को प्रेम और भाईचारे का रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जा रही हैं कई ग्रामीण अंचलों में परम्परागत रूप से वर और वधु के स्वांग रचे जा रहे हैं सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर स्थित होटलों में देशी–विदेशी सैलानियों के विशेष इंतजाम किये गये हैं अजमेर में होली के अवसर पर ब्यावर की प्रसिद्ध बादशाह की सवारी पूरे उत्साह के साथ निकाली जा रही हैं भीलवाड़ा के शाहपुरा कस्बे में अंतर्राष्ट्रीय राम स्नेही सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ पर छह दिवसीय फूलडोल महोत्सव का आयोजन हो रहा हैं पाली में रोहट क्षेत्र के झींतड़ा गांव में आस्था, परम्परा और लोक विश्वास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा हैं मान्यता के अनुसार होली के दूसरे दिन भगवान द्वारिकाधीश द्वारिका छोड़कर झींतड़ा में रहते हैं यहां भगवान द्वारिकाधीश की गाजेबाजे के साथ सवारी निकाली जा रही हैं

आज से ही गणगौर पूजा की भी शुरूआत हो गई हैं नवविवाहित युवतियां और महिलाएं सुख और सौभाग्य की कामना के साथ 16 दिन तक ईसर गणगौर की पूजा अर्चना करेंगीं

000

कोटा जिले के सांगोद में सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक पाँच दिवसीय न्हाण लोकोत्सव आज से शुरू हो गया हैं उत्सव का आगाज़ पारम्परिक 'घूघरी' का जुलूस के साथ हुआं हमारे कोटा संवाददाता आशीष मेहता ने बताया कि इस दौरान विभिन्न आयोजन किये जाएंगें

....

000

आरएएस–2024 भर्ती के सातवें चरण के साक्षात्कार कल से शुरू होंगें राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से यह साक्षात्कार 13 मार्च तक आयोजित किए जाएंगें यह भर्ती कुल 1 हजार 96 पदों के लिए की जा रही हैं मुख्य परीक्षा के परिणाम के बाद 2 हजार 461 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया हैं

000

आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हैं ये दिन हर साल 4 मार्च को मनाया जाता हैं इस दिन का उद्देश्य यह स्थापित करना है कि सुरक्षा केवल नियम नहीं, सामूहिक जिम्मेदारी हैं कार्यस्थल पर सावधानी ही दुर्घटना से बचाव हैं सतर्कता, प्रशिक्षण और जागरूकता सुरक्षा संस्कृति की नींव हैं नेशनल सेफ्टी काउंसिल ने इस दिन की शुरूआत की थीं इस वर्ष की थीम "सुरक्षा को बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना" रखी गई हैं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जवानों को शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है और हमारे जवान इसकी सबसे मज़बूत दीवार हैं

000

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार तेज होता जा रहा हैं पिछले 24 घंटों में कई शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया, जबकि पश्चिमी जिलों में दिन के समय झुलसाने वाली गर्मी महसूस की गई मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार सबसे अधिक 38 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गयां इसके अलावा जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, नागौर, पाली और चित्तौड़गढ़ सहित कई शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआं राजधानी जयपुर में दिन का तापमान 33 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रहां विभाग ने प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई हैं

000

आईसीसी पुरुष टी–20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगां यह मैच कोलकाता के ईडन गर्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगां वहीं दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना इंग्लैंड से होगां मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेलेंगें

000

जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान के एग्जोटिक पार्क में कल मादा हिप्पो 'रानी' ने एक बच्चे को जन्म दिया हैं उद्यान के उपनिदेशक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया कि इस बच्चे के जन्म के साथ ही नाहरगढ़ जैविक उद्यान में हिप्पो की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई हैं उन्होंने कहा कि उद्यान प्रशासन के अनुसार यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत है और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगां

000